
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आइआइटी रुड़की के एक प्रोफेसर सहित तीन लोगों को किया अस्पताल में भर्ती

**कोरोना संकट**

**संवाददाता**

रुड़की। आइआइटी रुड़की के एक प्रोफेसर सहित तीन लोगों को सिविल अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया है। इन सभी को खांसी और बुखार की शिकायत है। सीएमएस ने बताया कि तीनों के सैंपल लेकर जांच को भेजे जाएंगे। वहीं, रुड़की के पनियाला गांव निवासी सभी 56 ग्रामीणों के सैंपल लिए जाएंगे, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। पनियाला गांव निवासी जमाती के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद 56 ग्रामीणों को कलियर स्थित क्वारंटाइन सेंटर में 14 दिनों के लिए रखा गया था। शनिवार को इनके 14 दिन पूरे हो चुके हैं।

सीएमओ डॉ अजय कुमार ने बताया कि रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम कलियर स्थित क्वारंटाइन सेंटर जाएगी। वहां सभी ग्रामीणों की जांच की जाएगी। उनके सैंपल लेकर जांच को भेजे जाएंगे रिपोर्ट आने के बाद ही उन्हें डिस्चार्ज किया जाएगा।

## संक्रमण के बीच रात को दिल्ली से चंबा पहुंचा युवक

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया क्वारंटाइन

टिहरी। कोरोना वायरस संक्रमण के बीच एक युवक के दिल्ली से चंबा पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसे जीएमवीएन के गेस्ट हाउस में क्वारंटाइन कर दिया। फिलहाल, युवक से इस बात की जानकारी ली है कि युवक किस–किस के संपर्क में आया।

उत्तराखंड में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार गहरा रहा है। आए दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में संदिग्धों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। इस बीच शनिवार रात एक युवक दिल्ली से टिहरी जिले के चंबा पहुंच गया। चंबा बाजार पहुंचते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके वहां पहुंचने की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी, जिससे हड़कंप मच गया।

आनन–फानन स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और युवक को देर रात बौराड़ी के जीएमवीएन के गेस्ट हाउस में क्वारंटाइन कर दिया। डॉक्टर पुखराज ने बताया कि रविंद्र सिंह पुत्र जेठू सिंह बोर गांव जोलंगी थाना नई टिहरी का रहने वाला है। युवक पंजाबी बाग दिल्ली से बिना पास के कभी पैदल चलकर और कभी लिफ्ट मांगकर चंबा पहुंच गया।

जब युवक से बिना पास आने की बात पूछी गई, तो उसने बताया कि उसकी मां की तबीयत बहुत ज्यादा खराब है। फिलहाल, युवक का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है और एहतियातन उसे इंस्टीट्यूशनल क्वारंटाइन कर दिया गया है। युवक कब दिल्ली से चला और कहां–कहां रुका और किस–किस से मिला इन सब की जानकारी भी उससे ली जा रही है।

गौरतलब है कि हरिद्वार जिला तेजी के साथ कोविड–19 के रेड जोन की ओर बढ़ रहा है। दो सप्ताह के भीतर कोरोना संक्रमण के सात मामले सामने आ चुके हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ती जा रही है।

वहीं कोरोना संक्रमण के मामले पाए जाने के चलते जिले के तीन पूरे गांव, एक गांव की बस्ती, ज्वालापुर के तीन वार्ड, मंगलौर की 13 गलियों को पूरी तरह सील कर दिया गया है।

प्रदेश में 23 मार्च से लॉकडाउन शुरू हो गया था। शुरुआत में जिला पूरी तरह सुरक्षित माना जा रहा था। चार अप्रैल को पनियाला गांव निवासी जमाती की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद गांव को सील करते हुए 11 हजार आबादी को घर पर क्वारंटाइन कर दिया।

इसके अलावा जमाती के संपर्क में आने वाले युवक के चलते मंगलौर के मलकपुरा मोहल्ले की 13 गलियों को भी बंद कर दिया। इन गलियों में दो हजार की आबादी रहती है। इसी बीच आठ अप्रैल को कलियर में क्वारंटाइन ज्वालापुर निवासी दो जमातियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। इसके बाद ज्वालापुर के तीन वाडरें को सील करते हुए करीब 50 हजार की आबादी को क्वारंटाइन किया गया। इससे पहले गैंडीखाता की साढ़े सात हजार की आबादी वाली गुर्जर बस्ती को भी सील किया।

## न्यूज डायरी

### लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर पुलिस सख्त, छह गिरफ्तार

**संवाददाता** विकासनगर। लॉकडाउन का पालन कराने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। तमाम कोशिशों के बाद भी कुछ लोग घरों से बाहर निकलकर व्यवस्था बिगाड़ने पर आतुर हैं। इसको देखते हुए पुलिस ने विकासनगर क्षेत्र से पांच लोगों और पत्नी से झगड़ने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, पछवादून में पुलिस ने 40 वाहनों के चालान काटे और तीन वाहनों को सीज कर दिया। इसके साथ ही युवकों को मुर्गा बनाकर भी सजा दी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद से हाइवे और गलियों में पूरी तरह सन्नाटा ही दिखा। उधर, शनिवार को एसपी देहात पदमेंद्र डोभाल ने नगर क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाएं जांची और सीओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लॉकडाउन अवधि में पुलिस प्रशासन वैसे तो पूरी सख्ती बरत रहा है, लेकिन चेतावनी के बाद भी कुछ लोगों के घरों से बाहर टहलने पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने लॉकडाउन उल्लंघन में पांच लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। वहीं, ढकरानी में शुक्रवार की रात में पत्नी से झगड़ा कर रहे अनिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

### मदद को बडने लगे कई हाथ

**संवाददाता** पिथौरागढ बेरीनाग।वैश्विक महामारी कोरोना के चलते देश में मंडरा रहे आर्थिक संकट को देखते हुए गप्रमीण क्षेत्र के लोग आगे आ रहेला है। बेरीनाग के भुवनेश्वर गांव के बाद अब क्षेत्र के उडियारी व बेठौली और जाखरावत के गप्रमीणों ने भी सरकार की मदके लिए अभियान चलाया है। बता दें कि तीनों गांव के गप्रमीणें ने करीबन 52 हजार की राशि एकत्र कर मुख्यमंत्री राहत कोष में दान की है।बता दें कि क्षेत्र के गप्रमीणों द्वारा विशेष तौर पर अभियान चलाकर एक दूसरे के घर घर जाकर सहयोग की अपील की जा रही है।

### नगरपालिका डीडीहाट ने खोले रोजगार के द्वार

**संवाददाता** पिथौरागढ। लाकडाउन के चलते कई लोगों का रोजगार बंद हों गया है। जिसके चलते लोगों को आर्थिक संकट से जूझना पड रहा है। ऐसे समय में सीमांत तहसील डीडीहाट की नगर पालिका ने इलाके के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया है।पालिका अद्ययक्षा कमला चुफाल ने ने इलाके के लोगोंको होम मेड मास्क बनाने के लिए प्रेरित किया है। कमला ने बताया कि एक दिन में 50 मास्क तैयार किये जायेंगें। वही ये मास्क पालिका द्वारा 10 रूप्ये के हिसाब से खरीदें जायेगें। वही जहां भी मास्क की आवश्यकता होगी वहां लोगों तक इसकों पहुचानें का प्रयास करने की उन्होंने बात रखी है।




## मोदी किचन से तीन हजार लोगों को दिया जा रहा भोजन

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते लॉकडाउन के दौरान 18 वें दिन भी मोदी किचन में लगभग तीन हजार लोगों का भोजन तैयार किया गया, जिसे वार्ड संख्या चार राजपुर व वार्ड संख्या पाँच धोरण के स्वयंसेवकों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के जरूरत मंदों तक पहुँचाया गया और जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर बताया गया कि मसूरी विधायक गणेश जोशी के संरक्षण में एवं पूर्व पार्षद मंजीत रावत के नेतृत्व में यह किचन पिछले 18 दिनों से लगातार तीन लोगों का भोजन प्रत्येक दिन तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर मंजीत रवत ने कहा है कि किसी भी कोई भी जरूरतमंद जिसे भोजन की आवश्यकता है को प्रदान किया जायेगा और किसी को भी भूखा नहीं सोने दिया जायेगा। इस अवसर पर स्वयं सेवकों में विशाल कुल्हान, मंसूर खान, नरू, भानू राणा, जगदीश परिहार, सचिन चौहान, आशिष थापा, किशन, धनी, बन्नू, अनूप पयाल, इक्बाल अहमद मोनू इत्यादि शामिल रहे।

# भारत चीन व्यापार व कैलाश मानसरोवर यात्रा को मिलेगा फायदा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

**■स्वागतः** चीन सीमा तक सरपट सरपट दौडेंगे वाहन

पिथौरागढ। लंबे समय की इतंजारी के बाद सीमा सडक संगठन की पहल उम्मीदों की नई किरण लेकर आईी है। बता दें कि साल 2006 से चीन सीमा पर सडक बनाने के काम को लेकर सीमा सडक संगठन विशेष तौर पर लगा हुआ था। वही अब चीन सीमा पर वाहनों को दौडाने का समय शुरू होने वाला है।

ताजा जानकारी के मुताबिक अब चीन सीमा तक सडक निमार्ण का काम पूरा होने से वाहनो से लोग आवागमन कर सकेगें। वही पवित्र धार्मिक कैलाश मानसरोवर यात्रा भी अब वाहनों के माध्यम से हो सकेगी। जानकारी के मुबाबिक बीच में छूटा हुआ तीन किमी आधा हिस्सा भी पूरा हो गया है। वही देर सांय लंबे इंतजार के बाद बूंदी में एक वाहन पहुचा लोगों में बेहद खुशी का माहौल देखने को मिला है।

बता दें कि धारचूला से गर्वाधार की दूरी 45 किमी है। गर्वाधार तक पहले ही सडक बनी हुई है। गर्वाधार से चीन सीमा से भरत के अंतिम पडाव नाभीढाग तक 76 किमी का सडक निमार्ण का काम पूरा हो गया है। वही गर्वाधार से मालपा तक 12 किमी का दाायरा बहुत कठिनाई भरा साबित होता था वह सीमा संगठन ने बेफिक्र होकर चीन सीमा की ओर पहुचाया। वही बुदी से मालपा तक तीन किमी हिस्सा भी पूरा होने पर वहां देर सांय इलाके में वाहन पहूचनें से लोग खासे उत्साहित नजर आये। चीन सीमा तक सडक जुडने से इलाके के सात गांवों में बेहद उत्साह देखने को मिल रहा है। वही अब वाहनों से पवित्र धार्मिक कैलाश यात्रा भी आसानी से हो सकेगी। वही बता दें कि आधार शिविर धारचूला से अब चीन सीमा तक चार घण्टे में पहुचा जा सकेगा।

बता दें कि अब तक चीन सीमा तक जाने ले जाया वाला सामान खच्चरों व घोडों के माधयम से पहुचाया जाता था। अब उसमें भी आसानी होगी। वही दूसरी ओर सीमा पर चौकसी में लगी आईटीबीपी व एसएसबी को अग्रिम चौकियों तक वाहनों से पहुचनें में आसानी रहेगी।

## कोराना महामारी के बीच एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**संवाददाता** डोईवाला। एनएसयूआई डोईवाला के कार्यकर्ताओंने कोराना वायरस कोविड 19 महामारी के संकट के बीच रक्तदान किया। इस अवसर पर आसिफ हसन का कहना है कि कई मरीज खून की कमी के कारण जूझ रहे है ओर आजकल लोग ब्लड डोनेट नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि मगर कुछ मरीज है जिनको ब्लड चड़ रहा है जैसे डायलिसिस,प्रेगनिसी,ऑपरेशन आदि मरीज है जिनकी सेवा करना आवश्यक है और इसके लिए रक्तदान किया गया। इस अवसर पर सावन राठौर का कहना है कि हिमालयन ब्लड बैंक हमारे क्षेत्र डोईवाला का एक मात्र ब्लड बैंक जहा की खून की कंमी आने लग गई थी तो आज डोईवाला एनएसयूआई के कार्यकर्ता रक्तदान करने पहुंचे।

इस अवसर पर आरिफ अली का कहना है कि इस महामारी के बीच किसी व्यक्ति की जान खून ना मिलने से ना हो, ओर इस कोराना महामारी से हम मिलकर लड़ेगे ओर जीतेगे। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में आसिफ हसन,सतनाम सिंह, ग्राम पंचायत सदस्य शुभम काम्बोज, सामाजिक कार्यकर्ता शहबान शाह, परमिंदर , मोहसिन, आरिफ, रोहित आदि मौजूद रहे।